# एकादशोऽध्यायः

## देवताओंद्वारा देवीकी स्तुति तथा देवीद्वारा देवताओंको वरदान

### ध्यानम्

**ॐ बालरविद्युतिमिन्दुकिरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम्।**
**स्मेरमुखीं वरदाङ्कुशपाशाभीतिकरां प्रभजे भुवनेशीम्॥**

*'ॐ' ऋषिरुवाच॥ १॥*

**देव्या हते तत्र महासुरेन्द्रे**
**सेन्द्राः सुरा वह्निपुरोगमास्ताम्।**
**कात्यायनीं तुष्टुवुरिष्टलाभाद्[1]**
**विकाशिवक्त्राब्जविकाशिताशाः[2] ॥ २॥**

मैं भुवनेश्वरीदेवीका ध्यान करता हूँ। उनके श्रीअंगोंकी आभा प्रभातकालके सूर्यके समान है और मस्तकपर चन्द्रमाका मुकुट है। वे उभरे हुए स्तनों और तीन नेत्रोंसे युक्त हैं। उनके मुखपर मुसकानकी छटा छायी रहती है और हाथोंमें वरद, अंकुश, पाश एवं अभय-मुद्रा शोभा पाते हैं।

**ऋषि कहते हैं—**॥ १॥ देवीके द्वारा वहाँ महादैत्यपति शुम्भके मारे जानेपर इन्द्र आदि देवता अग्निको आगे करके उन कात्यायनीदेवीकी स्तुति करने लगे। उस समय अभीष्टकी प्राप्ति होनेसे उनके मुखकमल दमक उठे थे और उनके प्रकाशसे दिशाएँ भी जगमगा उठी थीं॥ २॥

१. पा०—लम्भा०। २. पा०—वक्त्रास्तु वि०।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद
प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं
त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य॥ ३॥
आधारभूता जगतस्त्वमेका
महीस्वरूपेण यतः स्थितासि।
अपां स्वरूपस्थितया त्वयैत-
दाप्यायते कृत्स्नमलङ्घ्यवीर्ये॥ ४॥
त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या
विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेतत्
त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतुः॥ ५॥
विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।

देवता बोले—शरणागतकी पीड़ा दूर करनेवाली देवि! हमपर प्रसन्न होओ। सम्पूर्ण जगत्की माता! प्रसन्न होओ। विश्वेश्वरि! विश्वकी रक्षा करो। देवि! तुम्हीं चराचर जगत्की अधीश्वरी हो॥ ३॥ तुम इस जगत्का एकमात्र आधार हो; क्योंकि पृथ्वीरूपमें तुम्हारी ही स्थिति है। देवि! तुम्हारा पराक्रम अलंघनीय है। तुम्हीं जलरूपमें स्थित होकर सम्पूर्ण जगत्को तृप्त करती हो॥ ४॥ तुम अनन्त बलसम्पन्न वैष्णवी शक्ति हो। इस विश्वकी कारणभूता परा माया हो। देवि! तुमने इस समस्त जगत्को मोहित कर रखा है। तुम्हीं प्रसन्न होनेपर इस पृथ्वीपर मोक्षकी प्राप्ति कराती हो॥ ५॥ देवि! सम्पूर्ण विद्याएँ तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। जगत्में जितनी स्त्रियाँ हैं, वे सब तुम्हारी ही मूर्तियाँ हैं।

**त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्**
**का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः॥ ६ ॥**
**सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्ति[1]प्रदायिनी।**
**त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः॥ ७ ॥**
**सर्वस्य बुद्धिरूपेण जनस्य हृदि संस्थिते।**
**स्वर्गापवर्गदे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ ८ ॥**
**कलाकाष्ठादिरूपेण परिणामप्रदायिनि।**
**विश्वस्योपरतौ शक्ते नारायणि नमोऽस्तु ते॥ ९ ॥**
**सर्वमङ्गलमङ्गल्ये[2] शिवे सर्वार्थसाधिके।**
**शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १० ॥**
**सृष्टिस्थितिविनाशानां शक्तिभूते सनातनि।**
**गुणाश्रये गुणमये नारायणि नमोऽस्तु ते॥ ११ ॥**

जगदम्ब! एकमात्र तुमने ही इस विश्वको व्याप्त कर रखा है। तुम्हारी स्तुति क्या हो सकती है? तुम तो स्तवन करनेयोग्य पदार्थोंसे परे एवं परा वाणी हो॥ ६॥ जब तुम सर्वस्वरूपा देवी स्वर्ग तथा मोक्ष प्रदान करनेवाली हो, तब इसी रूपमें तुम्हारी स्तुति हो गयी। तुम्हारी स्तुतिके लिये इससे अच्छी उक्तियाँ और क्या हो सकती हैं?॥ ७॥ बुद्धिरूपसे सब लोगोंके हृदयमें विराजमान रहनेवाली तथा स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करनेवाली नारायणी देवि! तुम्हें नमस्कार है॥ ८॥ कला, काष्ठा आदिके रूपसे क्रमशः परिणाम (अवस्था-परिवर्तन)-की ओर ले जानेवाली तथा विश्वका उपसंहार करनेमें समर्थ नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ ९॥ नारायणि! तुम सब प्रकारका मंगल प्रदान करनेवाली मंगलमयी हो। कल्याणदायिनी शिवा हो। सब पुरुषार्थोंको सिद्ध करनेवाली, शरणागतवत्सला, तीन नेत्रोंवाली एवं गौरी हो। तुम्हें नमस्कार है॥ १०॥ तुम सृष्टि, पालन और संहारकी शक्तिभूता, सनातनी देवी, गुणोंका आधार तथा सर्वगुणमयी हो। नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ ११॥

१. पा०—भुक्ति। २. पा०—माङ्गल्ये।

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे ।
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १२॥
हंसयुक्तविमानस्थे ब्रह्माणीरूपधारिणि।
कौशाम्भः क्षरिके देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १३॥
त्रिशूलचन्द्राहिधरे महावृषभवाहिनि।
माहेश्वरीस्वरूपेण नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १४॥
मयूरकुक्कुटवृते महाशक्तिधरेऽनघे।
कौमारीरूपसंस्थाने नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १५॥
शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गगृहीतपरमायुधे ।
प्रसीद वैष्णवीरूपे नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १६॥
गृहीतोग्रमहाचक्रे दंष्ट्रोद्धृतवसुंधरे।
वराहरूपिणि शिवे नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १७॥
नृसिंहरूपेणोग्रेण हन्तुं दैत्यान् कृतोद्यमे।
त्रैलोक्यत्राणसहिते नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १८॥

शरणमें आये हुए दीनों एवं पीड़ितोंकी रक्षामें संलग्न रहनेवाली तथा सबकी पीड़ा दूर करनेवाली नारायणी देवि! तुम्हें नमस्कार है॥ १२॥ नारायणि! तुम ब्रह्माणीका रूप धारण करके हंसोंसे जुते हुए विमानपर बैठती तथा कुशमिश्रित जल छिड़कती रहती हो। तुम्हें नमस्कार है॥ १३॥ माहेश्वरीरूपसे त्रिशूल, चन्द्रमा एवं सर्पको धारण करनेवाली तथा महान् वृषभकी पीठपर बैठनेवाली नारायणी देवि! तुम्हें नमस्कार है॥ १४॥ मोरों और मुर्गोंसे घिरी रहनेवाली तथा महाशक्ति धारण करनेवाली कौमारीरूपधारिणी निष्पापे नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ १५॥ शंख, चक्र, गदा और शार्ङ्गधनुषरूप उत्तम आयुधोंको धारण करनेवाली वैष्णवी शक्तिरूपा नारायणि! तुम प्रसन्न होओ। तुम्हें नमस्कार है॥ १६॥ हाथमें भयानक महाचक्र लिये और दाढ़ोंपर धरतीको उठाये वाराहीरूपधारिणी कल्याणमयी नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ १७॥ भयंकर नृसिंहरूपसे दैत्योंके वधके लिये उद्योग करनेवाली तथा त्रिभुवनकी रक्षामें संलग्न रहनेवाली नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ १८॥

**किरीटिनि महावज्रे सहस्रनयनोज्ज्वले।**
**वृत्रप्राणहरे चैन्द्रि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १९॥**
**शिवदूतीस्वरूपेण हतदैत्यमहाबले।**
**घोररूपे महारावे नारायणि नमोऽस्तु ते॥ २०॥**
**दंष्ट्राकरालवदने शिरोमालाविभूषणे।**
**चामुण्डे मुण्डमथने नारायणि नमोऽस्तु ते॥ २१॥**
**लक्ष्मि लज्जे महाविद्ये श्रद्धे पुष्टिस्वधे[१] ध्रुवे।**
**महारात्रि[२] महाऽविद्ये[३] नारायणि नमोऽस्तु ते॥ २२॥**
**मेधे सरस्वति वरे भूति बाभ्रवि तामसि।**
**नियते त्वं प्रसीदेशे नारायणि नमोऽस्तु ते[४]॥ २३॥**

मस्तकपर किरीट और हाथमें महावज्र धारण करनेवाली, सहस्र नेत्रोंके कारण उद्दीप्त दिखायी देनेवाली और वृत्रासुरके प्राणोंका अपहरण करनेवाली इन्द्रशक्तिरूपा नारायणी देवि! तुम्हें नमस्कार है॥ १९॥ शिवदूतीरूपसे दैत्योंकी महती सेनाका संहार करनेवाली, भयंकर रूप धारण तथा विकट गर्जना करनेवाली नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ २०॥ दाढ़ोंके कारण विकराल मुखवाली मुण्डमालासे विभूषित मुण्डमर्दिनी चामुण्डारूपा नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ २१॥ लक्ष्मी, लज्जा, महाविद्या, श्रद्धा, पुष्टि, स्वधा, ध्रुवा, महारात्रि तथा महा-अविद्यारूपा नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ २२॥ मेधा, सरस्वती, वरा (श्रेष्ठा), भूति (ऐश्वर्यरूपा), बाभ्रवी (भूरे रंगकी अथवा पार्वती), तामसी (महाकाली), नियता (संयमपरायणा) तथा ईशा (सबकी अधीश्वरी)-रूपिणी नारायणि! तुम्हें नमस्कार है॥ २३॥

१. पा०—पुष्टे। २. पा०—रात्रे। ३. पा०—महामाये।

४. शान्तनवी टीकाकारने यहाँ एक श्लोक अधिक पाठ माना है, जो इस प्रकार है—

सर्वतःपाणिपादान्ते सर्वतोऽक्षिशिरोमुखे।
सर्वतःश्रवणघ्राणे नारायणि नमोऽस्तु ते॥

**सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते।**
**भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते॥ २४॥**
**एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम्।**
**पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते॥ २५॥**
**ज्वालाकरालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम्।**
**त्रिशूलं पातु नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते॥ २६॥**
**हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्।**
**सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव॥ २७॥**
**असुरासृग्वसापङ्कचर्चितस्ते करोज्ज्वलः।**
**शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके त्वां नता वयम्॥ २८॥**

---

सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकारकी शक्तियोंसे सम्पन्न दिव्यरूपा दुर्गे देवि! सब भयोंसे हमारी रक्षा करो; तुम्हें नमस्कार है॥ २४॥ कात्यायनि! यह तीन लोचनोंसे विभूषित तुम्हारा सौम्य मुख सब प्रकारके भयोंसे हमारी रक्षा करे। तुम्हें नमस्कार है॥ २५॥ भद्रकाली! ज्वालाओंके कारण विकराल प्रतीत होनेवाला, अत्यन्त भयंकर और समस्त असुरोंका संहार करनेवाला तुम्हारा त्रिशूल भयसे हमें बचाये। तुम्हें नमस्कार है॥ २६॥ देवि! जो अपनी ध्वनिसे सम्पूर्ण जगत्को व्याप्त करके दैत्योंके तेज नष्ट किये देता है, वह तुम्हारा घण्टा हमलोगोंकी पापोंसे उसी प्रकार रक्षा करे, जैसे माता अपने पुत्रोंकी बुरे कर्मोंसे रक्षा करती है॥ २७॥ चण्डिके! तुम्हारे हाथोंमें सुशोभित खड्ग, जो असुरोंके रक्त और चर्बीसे चर्चित है, हमारा मंगल करे। हम तुम्हें नमस्कार करते हैं॥ २८॥

**रोगानशेषानपहंसि तुष्टा**
**रुष्टा* तु कामान् सकलानभीष्टान्।**
**त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां**
**त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति॥ २९॥**
**एतत्कृतं यत्कदनं त्वयाद्य**
**धर्मद्विषां देवि महासुराणाम्।**
**रूपैरनेकैर्बहुधाऽऽत्ममूर्तिं**
**कृत्वाम्बिके तत्प्रकरोति कान्या॥ ३०॥**
**विद्यासु शास्त्रेषु विवेकदीपे-**
**ष्वाद्येषु वाक्येषु च का त्वदन्या।**
**ममत्वगर्तेऽतिमहान्धकारे**
**विभ्रामयत्येतदतीव विश्वम्॥ ३१॥**

देवि! तुम प्रसन्न होनेपर सब रोगोंको नष्ट कर देती हो और कुपित होनेपर मनोवांछित सभी कामनाओंका नाश कर देती हो। जो लोग तुम्हारी शरणमें जा चुके हैं, उनपर विपत्ति तो आती ही नहीं। तुम्हारी शरणमें गये हुए मनुष्य दूसरोंको शरण देनेवाले हो जाते हैं॥ २९॥ देवि! अम्बिके!! तुमने अपने स्वरूपको अनेक भागोंमें विभक्त करके नाना प्रकारके रूपोंसे जो इस समय इन धर्मद्रोही महादैत्योंका संहार किया है, वह सब दूसरी कौन कर सकती थी?॥ ३०॥ विद्याओंमें, ज्ञानको प्रकाशित करनेवाले शास्त्रोंमें तथा आदिवाक्यों (वेदों)-में तुम्हारे सिवा और किसका वर्णन है? तथा तुमको छोड़कर दूसरी कौन ऐसी शक्ति है, जो इस विश्वको अज्ञानमय घोर अन्धकारसे परिपूर्ण ममतारूपी गढ़ेमें निरन्तर भटका रही हो॥ ३१॥

* पा०— ददासि कामान्।

**रक्षांसि यत्रोग्रविषाश्च नागा**
**यत्रारयो दस्युबलानि यत्र।**
**दावानलो यत्र तथाब्धिमध्ये**
**तत्र स्थिता त्वं परिपासि विश्वम्॥ ३२॥**

**विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं**
**विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम्।**
**विश्वेशवन्द्या भवती भवन्ति**
**विश्वाश्रया ये त्वयि भक्तिनम्राः॥ ३३॥**

**देवि प्रसीद परिपालय नोऽरिभीते-**
**र्नित्यं यथासुरवधादधुनैव सद्यः।**
**पापानि सर्वजगतां प्रशमं* नयाशु**
**उत्पातपाकजनितांश्च महोपसर्गान्॥ ३४॥**

जहाँ राक्षस, जहाँ भयंकर विषवाले सर्प, जहाँ शत्रु, जहाँ लुटेरोंकी सेना और जहाँ दावानल हो, वहाँ तथा समुद्रके बीचमें भी साथ रहकर तुम विश्वकी रक्षा करती हो॥ ३२॥ विश्वेश्वरि! तुम विश्वका पालन करती हो। विश्वरूपा हो, इसलिये सम्पूर्ण विश्वको धारण करती हो। तुम भगवान् विश्वनाथकी भी वन्दनीया हो। जो लोग भक्तिपूर्वक तुम्हारे सामने मस्तक झुकाते हैं, वे सम्पूर्ण विश्वको आश्रय देनेवाले होते हैं॥ ३३॥ देवि! प्रसन्न होओ। जैसे इस समय असुरोंका वध करके तुमने शीघ्र ही हमारी रक्षा की है, उसी प्रकार सदा हमें शत्रुओंके भयसे बचाओ। सम्पूर्ण जगत्का पाप नष्ट कर दो और उत्पात एवं पापोंके फलस्वरूप प्राप्त होनेवाले महामारी आदि बड़े-बड़े उपद्रवोंको शीघ्र दूर करो॥ ३४॥

* पा०—च शमं।

**प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वार्तिहारिणि।**
**त्रैलोक्यवासिनामीड्ये लोकानां वरदा भव॥ ३५॥**

*देव्युवाच॥ ३६॥*

**वरदाहं सुरगणा वरं यन्मनसेच्छथ।**
**तं वृणुध्वं प्रयच्छामि जगतामुपकारकम्॥ ३७॥**

*देवा ऊचुः॥ ३८॥*

**सर्वाबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि।**
**एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम्॥ ३९॥**

*देव्युवाच॥ ४०॥*

**वैवस्वतेऽन्तरे प्राप्ते अष्टाविंशतिमे युगे।**
**शुम्भो निशुम्भश्चैवान्यावुत्पत्स्येते महासुरौ॥ ४१॥**
**नन्दगोपगृहे* जाता यशोदागर्भसम्भवा।**
**ततस्तौ नाशयिष्यामि विन्ध्याचलनिवासिनी॥ ४२॥**

विश्वकी पीड़ा दूर करनेवाली देवि! हम तुम्हारे चरणोंपर पड़े हुए हैं, हमपर प्रसन्न होओ। त्रिलोकनिवासियोंकी पूजनीया परमेश्वरि! सब लोगोंको वरदान दो॥ ३५॥

**देवी बोलीं—**॥ ३६॥ देवताओ! मैं वर देनेको तैयार हूँ। तुम्हारे मनमें जिसकी इच्छा हो, वह वर माँग लो। संसारके लिये उस उपकारक वरको मैं अवश्य दूँगी॥ ३७॥

**देवता बोले—**॥ ३८॥ सर्वेश्वरि! तुम इसी प्रकार तीनों लोकोंकी समस्त बाधाओंको शान्त करो और हमारे शत्रुओंका नाश करती रहो॥ ३९॥

**देवी बोलीं—**॥ ४०॥ देवताओ! वैवस्वत मन्वन्तरके अट्ठाईसवें युगमें शुम्भ और निशुम्भ नामके दो अन्य महादैत्य उत्पन्न होंगे॥ ४१॥ तब मैं नन्दगोपके घरमें उनकी पत्नी यशोदाके गर्भसे अवतीर्ण हो विन्ध्याचलमें जाकर रहूँगी और उक्त दोनों असुरोंका नाश करूँगी॥ ४२॥

* पा०—कुले।

**पुनरप्यतिरौद्रेण रूपेण पृथिवीतले।**
**अवतीर्य हनिष्यामि वैप्रचित्तांस्तु दानवान्॥ ४३॥**
**भक्षयन्त्याश्च तानुग्रान् वैप्रचित्तान्महासुरान्।**
**रक्ता दन्ता भविष्यन्ति दाडिमीकुसुमोपमाः॥ ४४॥**
**ततो मां देवताः स्वर्गे मर्त्यलोके च मानवाः।**
**स्तुवन्तो व्याहरिष्यन्ति सततं रक्तदन्तिकाम्॥ ४५॥**
**भूयश्च शतवार्षिक्यामनावृष्ट्यामनम्भसि।**
**मुनिभिः संस्तुता भूमौ सम्भविष्याम्ययोनिजा॥ ४६॥**
**ततः शतेन नेत्राणां निरीक्षिष्यामि यन्मुनीन्।**
**कीर्तयिष्यन्ति मनुजाः शताक्षीमिति मां ततः॥ ४७॥**
**ततोऽहमखिलं लोकमात्मदेहसमुद्भवैः।**
**भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राणधारकैः॥ ४८॥**

---

फिर अत्यन्त भयंकर रूपसे पृथ्वीपर अवतार ले मैं वैप्रचित्त नामवाले दानवोंका वध करूँगी॥ ४३॥ उन भयंकर महादैत्योंको भक्षण करते समय मेरे दाँत अनारके फूलकी भाँति लाल हो जायँगे॥ ४४॥ तब स्वर्गमें देवता और मर्त्यलोकमें मनुष्य सदा मेरी स्तुति करते हुए मुझे 'रक्तदन्तिका' कहेंगे॥ ४५॥ फिर जब पृथ्वीपर सौ वर्षोंके लिये वर्षा रुक जायगी और पानीका अभाव हो जायगा, उस समय मुनियोंके स्तवन करनेपर मैं पृथ्वीपर अयोनिजारूपमें प्रकट होऊँगी॥ ४६॥ और सौ नेत्रोंसे मुनियोंको देखूँगी। अतः मनुष्य 'शताक्षी' इस नामसे मेरा कीर्तन करेंगे॥ ४७॥ देवताओ! उस समय मैं अपने शरीरसे उत्पन्न हुए शाकोंद्वारा समस्त संसारका भरण-पोषण करूँगी। जबतक वर्षा नहीं होगी, तबतक वे शाक ही सबके प्राणोंकी रक्षा करेंगे॥ ४८॥

**शाकम्भरीति विख्यातिं तदा यास्याम्यहं भुवि।**
**तत्रैव च वधिष्यामि दुर्गमाख्यं महासुरम्॥ ४९॥**

**दुर्गा देवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति।**
**पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले॥ ५०॥**

**रक्षांसि* भक्षयिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात्।**
**तदा मां मुनयः सर्वे स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्तयः॥ ५१॥**

**भीमा देवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति।**
**यदारुणाख्यस्त्रैलोक्ये महाबाधां करिष्यति॥ ५२॥**

**तदाहं भ्रामरं रूपं कृत्वाऽसंख्येयषट्पदम्।**
**त्रैलोक्यस्य हितार्थाय वधिष्यामि महासुरम्॥ ५३॥**

ऐसा करनेके कारण पृथ्वीपर 'शाकम्भरी' के नामसे मेरी ख्याति होगी। उसी अवतारमें मैं दुर्गम नामक महादैत्यका वध भी करूँगी॥ ४९॥ इससे मेरा नाम 'दुर्गादेवी' के रूपसे प्रसिद्ध होगा। फिर मैं जब भीमरूप धारण करके मुनियोंकी रक्षाके लिये हिमालयपर रहनेवाले राक्षसोंका भक्षण करूँगी, उस समय सब मुनि भक्तिसे नतमस्तक होकर मेरी स्तुति करेंगे॥ ५०-५१॥ तब मेरा नाम 'भीमादेवी' के रूपमें विख्यात होगा। जब अरुण नामक दैत्य तीनों लोकोंमें भारी उपद्रव मचायेगा॥ ५२॥ तब मैं तीनों लोकोंका हित करनेके लिये छः पैरोंवाले असंख्य भ्रमरोंका रूप धारण करके उस महादैत्यका वध करूँगी॥ ५३॥

* पा०— क्षययिष्यामि (क्षपयिष्यामि इति वा)।

**भ्रामरीति च मां लोकास्तदा स्तोष्यन्ति सर्वतः।**
**इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति॥ ५४॥**
**तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम्॥ ॐ॥ ५५॥**

*इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये*
*देव्याः स्तुतिर्नामैकादशोऽध्यायः॥ ११॥*
*उवाच ४, अर्धश्लोकः १, श्लोकाः ५०,*
*एवम् ५५, एवमादितः ६३०॥*

---

उस समय सब लोग 'भ्रामरी' के नामसे चारों ओर मेरी स्तुति करेंगे। इस प्रकार जब-जब संसारमें दानवी बाधा उपस्थित होगी, तब-तब अवतार लेकर मैं शत्रुओंका संहार करूँगी॥ ५४-५५॥

*इस प्रकार श्रीमार्कण्डेयपुराणमें सावर्णिक मन्वन्तरकी कथाके*
*अन्तर्गत देवीमाहात्म्यमें 'देवीस्तुति' नामक*
*ग्यारहवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ११॥*